## सार-समाचार

### नवपंख संस्था ने महाशिवरात्रि पर किया सेवा कार्य



**अजमेर,** (निसं)। महाशिवरात्रि के अवसर पर नव पंख संस्था द्वारा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा का भी सराहनीय आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों ने विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं को फल वितरित किए तथा शिवालय में विधि-विधान से जलधारा अर्पित कर पूजा-अर्चना की। संस्था की टीम ने झुग्गी-झोपडि़यों में पहुंचकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को फल, रस, दूध एवं आवश्यक सामग्री वितरित की, जिससे वे भी पर्व की खुशी में सहभागी बन सकें। पदाधिकारी नितिन उप्पल ने बताया कि महाशिवरात्रि त्याग, तपस्या और सेवा का संदेश देती है। इसी भावना से प्रेरित होकर संस्था ने यह सेवा कार्य किया। कार्यक्रम में मनिंदर कौर, मयंक चावला, प्रकाश चंद शर्मा, आशी दुआ, सौरभ जैन, विजय शर्मा, मोनू रावत, राघव झा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### महाशिवरात्रि पर मुस्लिम एकता मंच ने पेश की सौहार्द की मिसाल

**अजमेर( निसं )।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुस्लिम एकता मंच ने आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की सुंदर मिसाल पेश की। मंच द्वारा अंदरकोट स्थित ऐतिहासिक स्मारक ढाई दिन का झोपड़ा के निकट सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। सेवा शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मंच के इस प्रयास की सराहना की। उपस्थित गणमान्यों में नवाब हिदायत उल्ला, हाजी सरवर सिद्दीकी, काज़ी मुनव्वर अली, मुख्तियार अहमद नवाब, रईस सुलेमानी, मंजूर अली, हाजी फय्याज उल्ला, इफ्तिखार सिद्दीकी, इमरान खान, अकबर हुसैन, ज़हीर कुरैशी, मोहम्मद आजाद, सैय्यद सलीम बना चिश्ती, अज़ीज़ मुल्तानी, हुमायूं खान, शाहनवाज लजवान सहित मुस्लिम समाज के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को सुदृढ़ करते हैं तथा सकारात्मक संदेश देते हैं। पर्व के सम्मान में क्षेत्र की मांस विक्रय दुकानों और होटलों को भी स्वेच्छा से बंद रखा गया।

### 1008 मुनि सुब्रत नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**अजमेर( निसं )।** श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा अजमेर के संभाग महामंत्री कमल गंगवाल एवं संभाग प्रवक्ता विजय पांडया ने बताया कि 1008 मुनि सुब्रत नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सोनी नगर जैन मंदिर में प्रातः 108 स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया गया। तत्पश्चात डॉ. राजकुमार गोधा के निर्देशन में वृहद शांतिधारा संपन्न हुई। मनोज-सुनीता कासलीवाल परिवार द्वारा निर्वाण मोदक अर्पित किए गए। 24 तीर्थंकर भगवान का महामंडल विधान ललिता-जंबू लुहाडिय़ा परिवार द्वारा संगीतमय वातावरण में संपन्न कराया गया, जिसमें 72 अर्घ समर्पित किए गए। सांयकाल सभी जिनालयों में 108 दीपकों से संगीतमय महाआरती, भक्तामर पाठ एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

### राजकीय आयुर्वेद औषधालय को महावीर इंटरनेशनल ने भेंट की व्हीलचेयर

**अजमेर,** (निसं)। राजकीय आयुर्वेद औषधालय, महावीर कॉलोनी में मरीजों और असहाय व्यक्तियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महावीर इंटरनेशनल द्वारा एक व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। औषधालय प्रशासन द्वारा व्हीलचेयर की आवश्यकता से अवगत कराए जाने पर संस्था के सदस्य प्रकाश चंद जैन ने त्वरित पहल करते हुए यह सहयोग प्रदान किया। व्हीलचेयर को उपनिदेशक मिलन जैन की अनुशंसा पर औषधालय प्रभारी मनीषा पोखरण को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष मनोज यादव, पदमचंद जैन, नरेंद्र कुमार रांका, बाबूलाल जैन, मुकेश ओसवाल, एस.के. अग्रवाल, पूनम चंद जैन सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। औषधालय प्रभारी मनीषा पोखरण ने महावीर इंटरनेशनल अजमेर इकाई एवं प्रकाश चंद जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से वृद्ध, दिव्यांग एवं गंभीर रोगियों को अस्पताल परिसर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने-ले जाने में अत्यंत सुविधा मिलेगी।

# 4 करोड़ 77 लाख से बदलेगी कृषि उपज मंडी की सूरत

**अजमेर** (निसं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने वार्ड संख्या 31 स्थित कृषि उपज मंडी एवं फल-सब्जी मंडी, ब्यावर रोड में सीसी सडक़ निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। इस विकास कार्य पर 4 करोड़ 77 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे।

विधायक भदेल ने बताया कि मंडी क्षेत्र की सड़के लंबे समय से जर्जर स्थिति में थीं, जिससे किसानों, व्यापारियों और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या के कारण हालात और अधिक खराब हो जाते थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा बजट स्वीकृत होने के बाद अब मंडी में सड़कों के साथ नालियों का निर्माण, मंचों की मरम्मत तथा चारदीवारी निर्माण के कार्य भी किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारिक मंडल के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने स्वागत करते हुए विकास कार्य प्रारंभ होने पर संतोष व्यक्त किया।



**ब्यावर रोड़ में सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया।**

■ मंडी क्षेत्र की सड़के लंबे समय से जर्जर स्थिति में थीं, जिससे किसानों, व्यापारियों और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी

# पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट ने नवदम्पति को आशीर्वाद दिया



**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शिवाजीनगर निवासी पूर्व पार्षद स्व बाबा रामदेव गुर्जर के आवास पर पहुंच नवदंपति को आशीर्वाद देकर गुर्जर परिवार के साथ स्नेह साझा किया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने किशनगढ़ प्रवास के दौरान स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति अपना विशेष लगाव दिखाते हुए स्व. रामदेव गुर्जर के निवास पहुंचे और युवा नेता भागचंद गुर्जर के नवविवाहित पुत्र प्रवीण और अन्नू को सुखी दाम्पत्य जीवन के लिये आशीर्वाद दिया। साथ ही पायलट ने एडवोकेट राजेश गुर्जर व युवा नेता भागचंद गुर्जर के साथ काफी देर तक चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस वरिष्ठ नेता राजेंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक राकेश पारीक, नाथूराम सिनोदिया, संग्राम सिंह गुर्जर, धर्मवीर गुर्जर सहित कई समर्थक उपस्थित रहे।

### अग्रवाल समाज ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**अजमेर,( निसं )।** श्री वल्लभ तीजा बाई रायपुरिया न्यास एवं अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में कोटड़ा स्थित बाबा रामदेव मंदिर के सामने चलित स्वास्थ्य इकाई के माध्यम से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एम.डी. रायपुरिया, ऋचा शर्मा (भौतिक चिकित्सा विशेषज्ञ), नयना शर्मा (आहार विशेषज्ञ), हर्षिता मित्तल (दंत रोग विशेषज्ञ), अंकित मित्तल (अस्थि रोग विशेषज्ञ), सुनील परिहार (शिशु रोग विशेषज्ञ), उमा चौहान (स्त्री रोग विशेषज्ञ) सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कोटड़ा, आजाद नगर, प्रगति नगर, ज्ञान विहार, दयानंद कॉलोनी और रामनगर क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों को परामर्श एवं प्राथमिक उपचार दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक पंसारी, प्रवीण अग्रवाल और विनोद अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# भगवान अमरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**अजमेर,** (निसं)। शहर की आरपीएससी कॉलोनी स्थित भगवान श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रातः से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरे दिन शिव भक्ति की अविरल धारा बहती रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान अमरेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पुष्प एवं बिल्व पत्र अर्पित किए तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। सायं 4 बजे भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायिका हेमा जी ने भगवान भोलेनाथ के एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर नजर आए। इसके पश्चात शाम 6.30 बजे महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

■ श्रद्धालुओं ने भगवान अमरेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पुष्प एवं बिल्व पत्र अर्पित किए

मंदिर समिति के पदाधिकारी गिरधर मोहन शर्मा व राजेश जैन बताया कि मंदिर के नव निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य में अमरदीप परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों एवं भामाशाहों का विशेष सहयोग रहा है। समिति के विशेष आग्रह पर समय-समय पर आर्थिक सहयोग मिलने से ही आज मंदिर का भव्य स्वरूप साकार हो पाया है। समिति की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भगवान अमरेश्वर बाबा से उनके सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की गई।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि भविष्य में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, विशेषकर शिवरात्रि जैसे भव्य आयोजनों में परिवार के सदस्य अपनी श्रद्धा अनुसार प्रसाद सामग्री अथवा आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकते हैं। महाआरती एवं प्रसाद वितरण जैसे आयोजनों में भी श्रद्धालुओं से स्वैच्छिक सहयोग का आ ान किया गया। परिवार के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार सहित मंदिर के धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा सनातन परंपराओं को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। आयोजन के माध्यम से समाज में धार्मिक एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

# फूलों की होली संग फाग उत्सव और सम्मान समारोह संपन्न

**अजमेर( निसं )।** लेखिका मंच एवं सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा जय अंबे सेवा समिति वृद्ध आश्रम परिसर में फाग उत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालीचरण दास कोडिय़ा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात मंच की रचनाकारों और वृद्धाश्रम के निवासियों ने पारंपरिक फाग और होली गीतों की प्रस्तुति दी तथा फूलों की होली खेलकर परिसर को प्रेम और अपनत्व के रंगों से सराबोर कर दिया। साहित्यिक गोष्ठी में कविता अग्रवाल, डॉ. भारती प्रकाश, खुशबू राठौर, दीपशिखा क्षेत्रपाल, पूजा गंगवानी, इंदु वैद्य, शोभा, नीतू सिंह, अनीता यादव, कविता जोशी, काजल खत्री, ममता गंगवार, लता शर्मा, प्रतिभा जोशी और अरुणलता सहित अनेक रचनाकारों ने स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। मंच की कुंदन सिंह, उषा एरिक्सन, शिल्पा कच्छावा और उषा शर्मा स्मिथ को मॉरीशस में प्रस्तुति देकर भारत का गौरव बढ़ाने पर सम्मानित किया गया। पुष्पा क्षेत्रपाल को 70 प्लस आयु वर्ग में राष्ट्रीय खुली प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। संस्थापिका डॉ. मधु खंडेलवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजन का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के साथ सम्मान और संवेदना के भाव साझा करना रहा।

■ वृद्धाश्रम के निवासियों ने पारंपरिक फाग और होली गीतों की प्रस्तुति दी

# 'महाशिवरात्रि पर सांप्रदायिक सौहार्द्ध की अनूठी परंपरा'

**डीडवाना ( निसं )।** दुनियाभर में भारत की पहचान गंगा जमुनी तहजीब की रही है। यहां सदियों से हिंदू मुस्लिम सहित अनेक समुदाय साथ रहते आए हैं। यह भारत का साम्प्रदायिक सोहार्द्ध ही है, जो सभी वर्गों ओर धर्मों को एकसूत्र में बांधे रखता है। ऐसा ही साम्प्रदायिक सौहार्द्ध ओर हिन्दू मुस्लिम एकता का नजारा आज डीडवाना में देखने को मिला, जब महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोग गले लगे ओर एक दूसरे का सम्मान किया। राजस्थान में डीडवाना की पहचान सांप्रदायिक सौहार्द्ध वाले शहर के रूप में रही है।

डीडवाना शहर अपने आप में गंगा जमुनी तहजीब का एक बड़ा उदाहरण है, यहां दोनों सम्प्रदाय के लोग एक साथ धार्मिक परम्पराएं निभाकर दीपावली, होली, ईद एक साथ मनाते है। महाशिवरात्रि पर भी एक ऐसी अनूठी परम्परा निभाई जाती है, जो दोनों धर्मो के सौहार्द्ध को एक डोर में बांधती है। ऐसी ही गंगा जमुनी तहजीब का नजारा डीडवाना में फिर से दिखाई दिया। धार्मिक सौहार्द्ध ऐसा की हर कोई एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव। मौका था महाशिवरात्रि का, इस मौके पर हर हर महादेव कि गूंज के साथ साथ जोगामंडी धाम के नाथ सम्प्रदाय के महंत लक्ष्मण महाराज महाशिवरात्रि के मौके पर आज सुबह रथ पर सवार होकर गाजे-बाजे एवं जुलूस के साथ नगर भ्रमण के लिए निकले।

उनका यह जुलूस सबसे पहले सैयदों की हताई और काजियों के मौहल्ले में पहुंचा, महंत का जुलूस मुस्लिम मौहल्लों में पहुंचा, जहाँ उनका भावभीना अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर नाथजी ने लोगों को विशेष रोट भेंट किया। ऐसी मान्यता है कि यह रोट अन्न को समर्पित होता है और मान्यता है कि इस रोट को अनाज के साथ रखने पर घर में बरकत होती है और कभी भी अन्न की कमी नहीं रहती है। इस परम्परा के साथ एक खास बात और जुड़ी हुई है, जो सही मायने में साम्प्रदायिक सौहार्द की जड़ो को मजबूत करती है। नाथ सम्प्रदाय के इस जोगा मण्डी धाम में जब भी नाथ मठाधीश की नियुक्ति होती है, तब मुस्लिम समाज उन्हें पगड़ी पहनाता है और माथुर समाज शॉल ओढ़ाता है, तब जाकर नए महंत की नियुक्ति होती है।



**मुस्लिम समाज द्वारा नाथ महंत का किया गया अभिनन्दन व स्वागत।**

■ सदियों से हिन्दू-मुस्लिम समुदाय निभा रहे हैं पौराणिक परंपरा

# पश्चिमांचल युवा महोत्सव में एमडीएस विश्वविद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अजमेर** (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के सांस्कृतिक दल ने आनंद (गुजरात) में 11 से 15 फरवरी तक आयोजित पश्चिमांचल युवा महोत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए संगीत, साहित्य, नाट्यय कला, ललित कला तथा नृत्य से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय के साहित्य समूह की वाग्मिता प्रतियोगिता में छात्रा परी कोठारी ने पश्चिम क्षेत्र स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महोत्सव में समग्र प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय को म्यूजिकल चैंपियनशिप में चौथा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने क्लासिकल वोकल सोलो एवं कार्टूनिंग में चौथा स्थान प्राप्त हुआ। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट (नॉन-परकशन) सोलो, भारतीय समूह गीत, लोक ऑर्केस्ट्रा, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग में पांचवा स्थान अर्जित किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त बनाती है तथा आने वाले समय में वे राष्ट्रीय स्तर पर और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

सांस्कृतिक दल के साथ विश्वविद्यालय से टीम मैनेजर के रूप में सुरेंद्र कुमावत एवं डॉ स्वतंत्र शर्मा गए थे एवं सोफिया कॉलेज से डॉ कोमल भसीन भी महिला मैनेजर के रूप में गई थी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुभाष चंद्र ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे आयोजनों में सहभागिता से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

■ महोत्सव में समग्र प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय को म्यूजिकल चैंपियनशिप में चौथा स्थान प्राप्त हुआ

# देवनानी ने मंदिरों में दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना

**अजमेर/जयपुर,( निसं )।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर स्थित विभिन्न शिवालयों में दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

देवनानी ने अर्जी वाले महादेव मंदिर, रामनगर स्थित शिव मंदिर, भोलेश्वर महादेव मंदिर तथा जातोई दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने देवाधिदेव महादेव से क्षेत्र में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना की।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मशुद्धि, संयम और आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। भगवान भोलेनाथ की कृपा से समाज में शांति, सद्भाव और विकास की भावना सुदृढ़ होती है। उन्होंने कामना की कि महादेव की कृपा से अजमेर क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और समस्त नागरिकों का जीवन मंगलमय बने। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

■ देवाधिदेव महादेव से क्षेत्र में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना की

# शिव भक्ति में डूबी ब्रह्मा की नगरी, मंदिरों में उमड़ी आस्था

**पुष्कर,** (निसं)। महाशिवरात्रि पर्व पर जगत पिता ब्रह्मा की नगरी पुष्कर शिवमय हो उठी। कस्बे के प्रमुख शिव मंदिरों में प्रात:काल से ही भक्तों का तांता लगा रहा। नगर सेठ अटमटेश्वर महादेव, कपालेश्वर महादेव, सिद्धेश्वर महादेव, थानेश्वर महादेव सहित 108 महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल और दुग्धाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं।

108 महादेव मंदिर में विशेष रूप से महिलाओं और युवतियों की अधिक उपस्थिति रही। विवाहित महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना की, जबकि अविवाहित युवतियों ने मनचाहे वर की प्रार्थना की। मान्यता है कि यहां की गई प्रार्थनाएं शीघ्र फलित होती हैं, जिसके चलते दिनभर 108 शिवलिंगों पर अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर के पुजारी गोविंद शर्मा ने बताया कि पुष्कर सरोवर के महादेव घाट स्थित यह 800 वर्ष प्राचीन मंदिर महाशिवरात्रि पर विशेष आस्था का केंद्र बन जाता है। श्रद्धालु रुद्राभिषेक कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करते हैं। महाशिवरात्रि पर विभिन्न समाजों द्वारा शिव शोभायात्राएं और शिव बारात भी निकाली गईं। माली समाज नवयुवक मंडल और कुमावत समाज नवयुवक मंडल ने आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्राएं निकालीं। मलिक सैनी समाज द्वारा नर्वदेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ की गई, जिसमें शिव बारात का सजीव मंचन किया गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कुमावत समाज ने भगवान सत्यनारायण की शोभायात्रा निकालकर धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन किया। मुख्य मार्गों पर शोभायात्राओं को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

**महादेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार और आरती:** प्रेम प्रकाश आश्रम और श्रीकृष्ण कुंज की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत महादेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया तथा मनोहारी आरती उतारी गई। दीपक सादवानी ने बताया कि भगवान शिव का फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना की गई।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अजमेर( निसं )।** महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का दुग्धाभिषेक, सहस्त्रधारा, रुद्रीपाठ एवं विशेष पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज और राष्ट्र की खुशहाली की कामना की। सागर विहार कॉलोनी स्थित बडक़ालेश्वर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। शिव परिवार का गुलाबजल, केसर, इत्र, चंदन और पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। पर्व को भगवान शिव और पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाया गया। सामूहिक पूजा, आरती और प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। पूरे दिन शहर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे।


## कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक : न.पा.बि./निमार्ण. स्वी. / 2025 /6208 दिनांक : 12.2.26

**-आम सूचना -**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति / उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 202 | हर्ष कोठारी कोठारी पुत्र संजीव कुमार कोठारी | नाकोडा विहार ख. सं. 281 / 2, 282, 283/ 2, 284/2 भू.सं. 17 का उत्तरी दिशा का हिस्सा | 81.28 SQ.MTR | आवासीय |
| 203 | प्रीति कोठारी पत्नि पंकज कोठारी | नाकोडा विहार ख. सं. 281 /2, 282, 283/2, 284/ 2 भू.सं. 17 का दक्षिणी दिशा का हिस्सा | 81.28 SQ.MTR | आवासीय |
| 204 | हसीना बेगम पत्नि इस्लामुदीन मसूरी | वैभव विहार कॉलोनी ख. सं. 4122, 4454/4121, 4460/4098, 4096 भू.सं. 12 | 92.90 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर


### पुलिस चौकी की घोषणा पर ग्रामीणों में हर्ष

**अजमेर,( निसं )** । राज्य सरकार द्वारा बजट वर्ष 2026-27 में माकड़वाली ग्राम में पुलिस चौकी स्थापित करने की घोषणा से ग्रामीणों में हर्ष और संतोष का वातावरण है। इस निर्णय के लिए ग्राम वासियों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी। बढ़ती आबादी के कारण लंबे समय से पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे राज्य सरकार ने बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर हरि गुर्जर, दरियाव सिंह, ओमप्रकाश, राम गुर्जर, रामनिवास प्रजापत, रिकेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# देवनानी ने की पुष्कर में रजत जयंती समारोह एवं महाशिवरात्रि महोत्सव में सहभागिता

**अजमेर/जयपुर,** (निसं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को पवित्र तीर्थ नगरी पुष्कर में राष्ट्र संत गोविंद देव गिरी एवं निम्बार्क पीठ के पीठाधीश्वर श्रीजी की पावन सन्निधि में आयोजित श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम के रजत जयंती समारोह 2026 तथा पावन महाशिवरात्रि महोत्सव में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। देवनानी ने कहा कि वेद, उपनिषद और सनातन संस्कृति की परंपरा भारतीय सभ्यता की आत्मा है। वेद विद्यापीठ जैसे संस्थान न केवल वैदिक शिक्षा के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कार, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों से भी जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं का सान्निध्य समाज को दिशा देने का कार्य करता है और राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष महत्व है।

विधानसभा अध्यक्ष ने संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश एवं देशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**देवनानी ने के रजत जयंती समारोह 2026 तथा पावन महाशिवरात्रि महोत्सव में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।**

■ देवनानी ने कहा कि वेद, उपनिषद और सनातन संस्कृति की परंपरा भारतीय सभ्यता की आत्मा है


## कार्यालय ग्राम पंचायत मेगदड़ा, पंचायत समिति रायपुर (ब्यावर )

क्रमांक / ग्रापमे / 2025-26 /122 दिनांक : 13/02/2026

**ई - निविदा सूचना 01/2025-26**

विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना मद (वित्तीय वर्ष 2025 - 26 ) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मेगदड़ा में निम्न कार्य करवाये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथियां समय व अन्य शर्त एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्यविस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:llsppp.rajasthan.gov.in एवं http:lleproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

| निविदा सूचना की क्रम संख्या | ऑनलाईन निविदा विक्रय / डाउनलोड / अपलोड करने की दिनांक एवं समय | डी. डी. व हार्ड कॉपी जमा करवाने की तिथि व समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 14.02.2026 (09.00AM ) to | 23.02.2026 till (12.15PM) 20.02.2026 till (05.00PM ) | 23.02.2026 from 3.00 PM - onwards |

उक्त निविदाओं के यूबीएन कोड निम्न हैं:–

NIB NO:- PHS2526a0044
UBN NO:-PHS52526WSOB00225

प्रशासक शासक
ग्राम पंचायत मेगदडा,
पंसं. रायपुर (ब्यावर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मेगदडा,
पंसं. रायपुर (ब्यावर)